# आन्तरिक परीक्षा, 2023

## Class - XI

## HINDI (हिन्दी)

समय - 3 घंटे 15 मिनट ] [ पूर्णांक - 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश–

( क ) परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

( ख ) दाहिनी ओर हाशिये पर दिए हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

( ग ) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में है– खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

### खण्ड 'अ' (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

निर्देश- प्रश्न-संख्या 01 से 60 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर दें। इनका उत्तर देने के लिए OMR-शीट में दिए गए सही वृत्त को काले/नीले पेन से भरें। 50×1=50

1. महादेवी वर्मा का किस वाद से सम्बन्ध है?
   (A) प्रयोगवाद (B) प्रगतिवाद (C) छायावाद (D) नकेनवाद
2. गौरा किसका नाम है?
   (A) एक बैल का (B) एक बिल्ली का (C) एक बछिया का (D) एक खरगोश का
3. गौरा किसके घर से आई थी?
   (A) दोस्त के घर से (B) बहन के घर से (C) भाई के घर से (D) चाचा के घर से
4. 'मंगर' पाठ के लेखक निम्नलिखित में कौन हैं?
   (A) दिनकर (B) प्रेमचन्द (C) महादेवी वर्मा (D) रामवृक्ष बेनीपुरी
5. मंगर की पत्नी का नाम था–
   (A) भगजोगनी (B) भरोसिया (C) भकोलिया (D) वैजयन्ती
6. मंगर किस रंग का था?
   (A) गोरा (B) साँवला (C) काला-कलूटा (D) इनमें से कोई नहीं
7. 'पंच परमेश्वर' पाठ कौन-सी विधा है?
   (A) निबंध (B) नाटक (C) उपन्यास (D) कहानी
8. अलगू चौधरी के गुरु का नाम था–
   (A) सज्जाद (B) जुम्मन (C) जुमराती (D) करीमन
9. पंच परमेश्वर प्रेमचन्द की कब की कहानी है?
   (A) बाद की (B) आरम्भ की (C) बीच की (D) इनमें से कोई नहीं
10. प्रेमचन्द का जन्म कहाँ हुआ था?
    (A) पटना, बिहार में (B) मगहर उ०प्र० में (C) सपही, सीतापुर में (D) लमही, बनारस में
11. महादेवी वर्मा का जन्म कब हुआ था?
    (A) 1807 ई० में (B) 1907 ई० में (C) 1917 ई० में (D) 1938 ई० में
12. रवीन्द्रनाथ ठाकुर को किस पुरस्तक पर नोबेल पुरस्कार मिला था?
    (A) पुष्पांजलि (B) गीतांजलि (C) गोधूलि (D) इनमें से कोई नहीं
13. रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने किस विश्वविद्यालय की स्थापना की?
    (A) पटना विश्वविद्यालय (B) नालन्दा विश्वविद्यालय (C) शान्ति निकेतन (D) तक्षशिला
14. 'कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर' निबंध के लेखक हैं–
    (A) हरिशंकर परसाई (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
    (C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) जयशंकर प्रसाद

SKYLIGHT STUDY

15. हरिवंश परसाई का किस राज्य से सम्बन्ध है?
(A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र (C) मध्य प्रदेश (D) गुजरात

16. बैरम खाँ किनके पिता थे?
(A) अकबर के (B) रसखान के (C) रहीम के (D) जायसी के

17. रहीम का जन्म किस वर्ष हुआ था?
(A) 1555 ई० में (B) 1556 ई० में (C) 1455 ई० में (D) 1456 ई० में

18. 'जीवन संदेश' कविता के कवि हैं–
(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) सुमित्रानन्दन पंत
(C) राम नरेश त्रिपाठी (D) गोपाल सिंह 'नेपाली'

19. 'हिमालय का संदेश' कविता के लेखक हैं–
(A) आरसी प्रसाद सिंह (B) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(C) गोपाल सिंह 'नेपाली' (D) सुमित्रानन्दन पंत

20. सुमित्रानन्दन पंत का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) कौसानी, उत्तराखण्ड (B) मगहर, उ०प्र० (C) पटना, बिहार (D) इटारसी, म०प्र०

21. सुमित्रानन्दन पंत किस वाद के कवि हैं?
(A) प्रयोगवाद (B) छायावाद (C) प्रगतिवाद (D) प्रपद्यवाद

22. रामधारी सिंह 'दिनकर' का निम्नलिखित किस राज्य से सम्बन्ध है?
(A) झारखण्ड (B) बिहार (C) मध्य प्रदेश (D) गुजरात

23. 'कुरूक्षेत्र' पुस्तक के लेखक हैं–
(A) मैथिली शरण गुप्त (B) आरसी प्रसाद सिंह
(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) जयशंकर प्रसाद

24. जीवन को 'निर्झर' किसने कहा है?
(A) जयशंकर प्रसाद (B) सुमित्रानंदन पंत (C) आरसी प्रसाद सिंह (D) महादेवी वर्मा

25. आरसी प्रसाद सिंह का जन्म निम्नलिखित किस जिले में हुआ था?
(A) पटना (B) वैशाली (C) दरभंगा (D) गया

26. 'सुन्दर का ध्यान कहीं सुन्दर' है–
(A) एक कविता (B) एक दोहा (C) एक गीत (D) एक कहानी

27. 'चौराहा' शब्द में कौन-सा समास है?
(A) द्वन्द्व (B) द्विगु (C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

28. 'माता-पिता' किस समास का उदाहरण है?
(A) द्विगु (B) द्वन्द्व (C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष

29. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(A) श्रीमति (B) श्रीमती (C) श्रिमति (D) इनमें से कोई नहीं

30. 'वीर' शब्द का विलोम रूप होगा–
(A) वीर बहादुर (B) साससी (C) कायर (D) परिश्रमी

31. 'विद्यालय' का सही संधि-विच्छेद है–
(A) विद्या+लय (B) विद्या+आलय (C) विद्या+ल (D) विद्+आलय

32. 'गणेश' का सही संधि-विच्छेद है–
(A) गण+इश (B) गण+ईश (C) गणे+इश (D) गण+इस

33. 'जननी' शब्द का सही अर्थ है–
(A) पालनेवाली (B) देखनेवाली (C) जाननेवाली (D) जन्म देनेवाली

34. 'सड़क' शब्द है–
(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग (C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

SKYLIGHT STUDY

35. 'नाक' शब्द है–
(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग (C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

36. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(A) वाल्मीकी (B) वाल्मीकि (C) वाल्मिकी (D) वाल्यमिकी

37. 'हिमालय' का सही संधि-विच्छेद होगा–
(A) हिमा+लय (B) हिम+आलय (C) हीमा+आलय (D) हेम+आलय

38. 'जाति' शब्द का विशेषण रूप होगा–
(A) जातिय (B) जातीय (C) जातिहीन (D) इनमें से कोई नहीं

39. 'आकाश' शब्द का सही विशेषण रूप है–
(A) आकासीय (B) आकाशीय (C) आकाशिय (D) आकासिय

40. 'सजीव' शब्द का विलोम रूप होगा–
(A) अजीव (B) निर्जीव (C) जीवित (D) राजीव

41. 'अग्रज' शब्द का विलोम रूप होगा–
(A) छोटा (B) जलज (C) अनुज (D) पंकज

42. 'लूट' शब्द का विशेषण रूप है–
(A) जुटेरा (B) लूटेरा (C) लूटीरा (D) लूटोरा

43. 'निशाचर' का सही अर्थ है–
(A) रात चरनेवाला (B) रात में विचरण करनेवाला
(C) शाम में खानेवाला (D) दिन में विचरण करनेवाला

44. 'शीर्षक' का अर्थ होता है–
(A) नीचे दिया जानेवाला नाम (B) ऊपर दिया जानेवाला नाम
(C) बगल में दिया जानेवाला नाम (D) बीच में दिया जानेवाला नाम

45. क्रिया के कितने भेद होते हैं?
(A) तीन (B) दो (C) चार (D) एक

46. काल कितने प्रकार के होते हैं?
(A) दो (B) तीन (C) चार (D) पाँच

47. 'घी के दीए जलाना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(A) घर प्रकाशित करना (B) घर शुद्ध करना (C) खुशी मनाना (D) शोक मनाना

48. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(A) छुप जाना (B) ग्यारह तक गिनती करना
(C) भाग जाना (D) नौ से ग्यारह तक गिनती करना

49. 'चन्द्रमा' शब्द का पर्यायवाची रूप निम्नलिखित में कौन होगा?
(A) भास्कर (B) मलय (C) शशि (D) शशिधर

50. 'सरस्वती' शब्द का पर्यायवाची रूप होगा–
(A) भागीरथी (B) कौशल्या (C) वाणी (D) गंगा

51. निम्नलिखित कवियों में किन्हें राष्ट्रकवि कहा जाता है?
(A) जयशंकर प्रसाद (B) सुमित्रानंदन पंत (C) महादेवी वर्मा (D) मैथिलीशरण गुप्त

52. मैथिलीशरण गुप्त के अतिरिक्त राष्ट्रकवि किसे कहा जाता है?
(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (B) नरेश सक्सेना
(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) केदारनाथ सिंह

53. 'खेत रहना' मुहावरे का सही अर्थ होगा–
(A) जमीन रखना (B) जमीन नहीं रखना (C) लड़ाई में मारा जाना (D) इनमें सभी

SKYLIGHT STUDY

54. गौरा रेखाचित्र का अन्त हुआ है–
(A) व्यंग्यपूर्वक (B) सुखपूर्वक (C) दुःखपूर्वक (D) हास्यपूर्वक

55. 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' कैसी रचना है?
(A) व्यंग्यात्मक (B) रचनात्मक (C) आदर्शात्मक (D) इनमें से कोई नहीं

56. 'दशानन' किस समास का उदाहरण है?
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

57. 'सलिल' का सही अर्थ है–
(A) लीला करनेवाला (B) जल (C) स्थल (D) निगलनेवाला

58. 'संभावना' का सही संधि-विच्छेद होगा–
(A) सम्य+भावना (B) स+भावना (C) सम्+भावना (D) समे+भावना

59. 'टेबल' शब्द का हिन्दी रूप है–
(A) कुरसी (B) तख्ता (C) मेज (D) पटरी

60. पहननेवाले शर्ट को हिन्दी में क्या कहा जाता है?
(A) पायजामा (B) जामा (C) कमीज (D) तमीज

## खण्ड 'ब' (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित किन्हीं एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखें– 10
(A) प्रदूषण (B) प्रिय त्योहार (C) मेरे प्रिय शिक्षक
(D) मोबाइल से लाभ-हानि

2. अपने पिता के पास एक पत्र लिखें जिसमें कुछ किताबें खरीदने के लिए पैसे की माँग हो। 5

3. निम्नलिखित में किन्हीं दो का भावार्थ लिखें– 2×5=10
(क) जहाँ कहीं एकता अखंडित, जहाँ प्रेम का स्वर है।
देश-देश में खड़ा वहाँ भारत जीवित भास्वर है।।
(ख) निर्झर में गति है, यौवन है,
वह आगे बढ़ता जाता है।
(ग) रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुस चून।।

4. 'मंगर' शब्दचित्र अथवा 'गौरा' रेखाचित्र पर संक्षिप्त प्रकाश डालें। 10

5. निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें– 2×5=10
(क) 'सुन्दर का ध्यान कहीं सुन्दर' पाठ के लेखक कौन हैं?
(ख) 'भारत माता ग्रामवासिनी' में किसका दयनीय वर्णन है?
(ग) रहीम के कुल कितने दोहों को पढ़ना है?
(घ) कहानी के अन्त में 'पंच परमेश्वर की जय' किसने कहा?
(ङ) झगड़ू साहु किस पाठ का पात्र है?
(च) हजारी प्रसाद द्विवेदी का कौन-सा पाठ पढ़ना है?
(छ) कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर के पिता का नाम क्या है?

6. संक्षेपण करें– 5

"मोबाइल ने हमें वाचाल बनाने के साथ-साथ हमारी चिन्तनशीलता और ध्यानशक्ति को भी कम किया है। छात्र-जीवन पर इसका व्यापक कुप्रभाव पड़ा है। पढ़ाई में व्यवधान पैदा होती है। छात्र चाहकर भी चिन्तन-मनन नहीं कर पाते, कारण मोबाइल से बढ़ती निकटता है। ज्यादा देर तक मोबाइल से चिपके रहने के कारण छात्र अपना कीमती समय बरबाद करते हैं।"

SAVITRI STUDY